भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 902

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

भूस्वामियों को क्षतिपूर्ति

902. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उन सड़कों के विकास को शामिल करने का प्रस्ताव है, जिन्हें भारतमाला परियोजना (बीएमपी) में शामिल किया गया था लेकिन बाद में प्राथमिकता के साथ अन्य सड़क विकास परियोजनाओं की सूची से हटा दिया गया था और यदि हां, तो उस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उन भूस्वामियों को प्रतिपूर्ति करने के लिए कार्रवाई शुरू की है जिनकी भूमि कदमपट्टुकोणम से एडमोन तक राष्ट्रीय राजमार्ग 744 (एनएच -744) ग्रीनफील्ड राजमार्ग के विकास के लिए अधिसूचित की गई थी और यदि हां, तो उस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय केरल को जल्द से जल्द प्रतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है और यदि हां, तो उस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का समयबद्ध तरीके से एनएच-744 के विकास को मंजूरी देने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो उस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 34,800 किमी की लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए भारतमाला परियोजना चरण-I के कार्यान्वयन को अनुमोदित किया था। नवंबर 2025 तक, 26,425 किमी की परियोजनाओं का कार्य सौंप दिया गया है और 21,350 किमी (सौंपी गई लंबाई का 80%) का निर्माण किया गया है। नवंबर, 2023 से भारतमाला परियोजना के तहत कोई नई परियोजना स्वीकृत नहीं की जा रही है।

राजमार्ग नेटवर्क का विकास एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय सरकार की समग्र विकास पाइपलाइन की शेष परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है और उनका विकास, संबंधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के परिणाम के आधार पर विकास के लिए किया जा रहा है।

(ख) से (घ) एनएच 744 के कदमपट्टुकोनम से एडामोन से आर्यनकवु (केरल/तमिलनाडु सीमा) तक ग्रीनफील्ड राजमार्ग के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह कार्य डीपीआर के परिणाम, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर किया जाएगा।

*****